<u>न्यायालयः सिविल जज (जू०डि०)/जे०एम० जलेसर एटा।</u>

<u>मूल वाद सं०- 54/2025</u>

विनोद कुमार **-बनाम-** फागुन दास

<u>दिनांक 04.04.2026</u>

पत्रावली पेश हुई। पुकार पर वादी अनुपस्थित। पत्रावली पुनः लंचबाद पेश हो।

सिविल जज (जू०डि०)/
जे०एम० जलेसर, एटा।
(J.O. Code UP 4823)

<u>लंचबाद</u>

पत्रावली पुनः लंचबाद पेश हुयी। पुकार पर वादी अनुपस्थित। वादी की ओर से कोई स्थगन प्रार्थना पत्र भी नहीं दिया गया है। पत्रावली के अवलोकन से विदित है कि पत्रावली काफी लम्बे समय से वास्ते निस्तारण 6 सी2/आर०सी०, डब्लू० एस०/तनकी हेतु नियत है। वादी काफी लम्बे समय अनुपस्थित है। वादी को प्रतिवादी सं० 1,2 व 4 पर पैरवी वास्ते दिनांक 22.01.2026 को अंतिम अवसर दिया जा चुका है, किन्तु उपस्थित नहीं आ रहा है। वादी की लगातार अनुपस्थिति से दर्शित होता है कि वह अपने दावे के निस्तारण पर बल नहीं देना चाहता है। अतः उक्त वाद वादी की अनुपस्थिति में खारिज किये जाने योग्य है।

<u>–आदेश–</u>

वाद वादी की अनुपस्थिति में खारिज किया जाता है। पत्रावली नियमानुसार दाखिल दफ्तर हो।

सिविल जज (जू०डि०)/
जे०एम० जलेसर, एटा।
(J.O. Code UP 4823)